तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 24 नवंबर 2024

14 अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा...



14 कन्या शाला चारामा में अहिल्या होलकर...





श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

Shri Gopala Hospital

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### स्काउट-गाइड की टीम ट्रैकिंग शिविर के लिए हरियाणा गई



**कांकेर।** भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय के द्वारा 25 से 30 नवंबर तक गदपुरी (हरियाणा) में राज्य स्तरीय ट्रैकिंग आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन किया गया है। जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के 8 स्काउट और 8 गाइड छात्र-छात्राएं के साथ 2 प्रभारी भाग ले रहे हैं। शिविर में भाग लेने वालों में जागृति कोर्राम,पहली ओसारे, दिव्या कोसमा, लक्ष्मण राम, अमृता पटेल, रिकेश्वर ध्रुव, खुशी दरदाई, आयुष सिंह, गरिमा देहरी, दीपेंद्र टांडिया, दामिनी सिन्हा, प्रेरणा शार्दुल, भावना नेताम, राजीव कुमार शोरी, हिना ठाकुर, हर्ष कुलदीप एवं दल प्रभारी ममता तारम, प्रदीप साहू भाग लेने रवाना हुए।

### घायल ने अस्पताल में तोड़ा दम, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर निवासी 59 वर्षीय साधना चक्रवर्ती का ईलाज के दौरान रायपुर के वीवाय अस्पताल में ईलाज के दौरान 16 जुलाई को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। थाना रायपुर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी भानुप्रतापपुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकेर।** कोतवाली थानांतर्गत मललडबरी निवासी 37 वर्षीय राजेश कुमार का ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में 21 नवंबर को मौत हो गया। मृतक का स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### करंट से युवक की हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** चारामा निवासी 41 वर्षीय नजीत कुमार का बिजली करंट लगने से 8 नवंबर को मौत हो गया। नरहरपुर थाना में मर्ग डायरी पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### मनोज कुमार साहू नए डीआरएम

**जगदलपुर।** वाल्टेयर डिवीजन के एडीआरएम (ऑपरेशंस) मनोज कुमार साहू को ईस्ट कोस्ट रेलवे के वाल्टेयर डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया।

# कांकेर को मत्स्य पालन के लिए बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट राष्ट्रीय अवार्ड से नवाजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मत्स्य पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट उत्पादन के लिए विश्व मात्स्यिकी दिवस पर नई दिल्ली में कांकेर जिला राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवार्ड से नवाजा गया।

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज मंत्री राजीव रंजन सिंह, राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल एवं जॉर्ज कुरियन ने छत्तीसगढ़ के मछली विभाग के संचालक एनके नाग, सहायक संचालक मछली पालन कांकेर एसएस कंवर को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांकेर को देश का बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ लैंड लॉक प्रदेश होने के बावजूद भी मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश में अग्रणी स्थान पर है। मछली बीज उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश का आत्मनिर्भर राज्य है। यह राज्य के मत्स्य कृषकों की मेहनत का परिणाम है।

कांकेर जिला पूरे छत्तीसगढ़ में मछली पालन के क्षेत्र में एक विशिष्ट स्थान रखता है। जिले में वर्तमान में सर्वाधिक 32 मत्स्य बीज हैचरी संचालित है जिनमें 33402 लाख स्पॉन तथा 13139 लाख स्टैंडर्ड फ्राई मत्स्य बीज उत्पादन करते हुए छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों जैसे मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, बिहार, झारखण्ड एवं उत्तरप्रदेश में निर्यात किया जाता है।

## नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री के हाथों मिला ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र

### 84766 मैट्रिक टन का उत्पादन

जिले में कुल 30562 जल निकायों जलक्षेत्र 12137 हेक्टेयर में लगभग 15998 मत्स्य कृषकों के द्वारा सक्रिय रूप से मछली पालन का कार्य करते हुए कुल 84766 मेट्रिक टन मछली का उत्पादन किया जा रहा है, जो छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक है। यह भी बताया गया कि जिले के दुधावा जलाशय में 228 केज स्थापित है जिसमें 651 टन का अतिरिक्त मत्स्योपादन लिया जा रहा है। वहीं मछली पालन एवं सम्बद्ध गतिविधियों से जिले के कृषकों द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 500 करोड़ का व्यवसाय किया जा रहा है।



### बीज उत्पादन में छठवां और मत्स्य उत्पादन में आठवां स्थान

छत्तीसगढ़ राज्य में प्रतिवर्ष 546 करोड़ मत्स्य बीज तथा 7.30 लाख टन मत्स्य उत्पादन हो रहा है। यहां से पड़ोसी राज्यों को भी मत्स्य बीज का निर्यात होता है। राज्य मत्स्य बीज उत्पादन में देश में 6 वें तथा मत्स्य उत्पादन में देश में 8 वें स्थान पर है। छत्तीसगढ़ में मछली पालन के लिए 2.032 लाख हेक्टेयर जल क्षेत्र है, जिनमें से 96 प्रतिशत में किसी न किसी रूप में मत्स्य पालन हो रहा है।

## आयोजन : जिला स्पर्धा के विजयी खिलाड़ी संभाग स्तर पर दिखाएंगे दम

# जिला बस्तर ओलंपिक की भव्य तैयारी की पर अंततः मुख्य अतिथि चौधरी मंत्री नहीं पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बस्तर ओलंपिक का कांकेर में जिलास्तरीय आयोजन के समापन में 22 नवंबर को देर शाम वित्त मंत्री ओपी चौधरी का मुख्य अतिथि का प्रोटाकाल आया। प्रोटोकाल आते ही रात से मंत्री के प्रवास के हिसाब से तैयारी शुरू कर दिया गया था। खिलाड़ियो को भी उसी के हिसाब से पूरे कार्यक्रम को इधर से उधर हो गए थे, यहाँ तक आत्मानंद नरहरदेव विद्यालय के छात्रों ने बेतरीब ढ़ग से खड़े दो पहिया वाहनों को इधर से उधर करते हुए नजर आएं।


- कार्यक्रम स्थल में चर्चा रही कि हेलीकाप्टर नहीं मिलने पर मंत्री का कार्यक्रम हुआ रद्द

अंतिम समय पर मंत्री के नहीं आने की जानकारी मिलने पर तैयारी करने वाले और खिलाड़ियो में मायूसी छा गई। यह चर्चा थी कि अंतिम समय तक मंत्री के लिए हेलीकाप्टर नहीं मिल पाने के कारण प्रवास स्थगित हो गया।

जानकारी के अनुसार बस्तर ओलंपिक का जिलास्तरीय प्रतियोगिता का 23 नवंबर को अंतिम दिन था। इस प्रतियोगिता में विजयी हासिल करने वाले दिसंबर में होने वाली संभागस्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इसका समापन बस्तर में होगा और उसमें केंद्रीय मंत्री का आना तय है।



कांकेर का जिलास्तरीय प्रतियोगिता का 23 नवंबर को समापन था और 22 नवंबर को वित्त मंत्री ओपी चौधरी का जनसंपर्क ने लगभग रात 8 बजकर 50 मिनट पर प्रोटोकाल जारी किया। उसके कुछ समय पहले जिले के अधिकारियों को जानकारी दिया गया और उसी के हिसाब से तैयारी शुरू कर दी गई। वित्त मंत्री के पहले प्रवास को ध्यान में रखते हुए तैयारी भी सुबह से उसी तरह से शुरू कर दी गई थी और आत्मनंद विद्यालय परिसर में आयोजित समापन कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए जिला पंचायत के सीईओ सहित कई अन्य अधिकारी डटे हुए नजर आएं। वित्त मंत्री को दोपहर 1 बजकर 10 मिनट पर कांकेर पहुँचना था और साढ़े 12 बजे खबर आई कि वित्त मंत्री का प्रवास स्थगित हो गया। वित्त मंत्री के प्रवास को लेकर भाजपा के अन्य विकासखंड में निवासरत भाजपा नेता भी अपनी उपस्थिति देने के लिए कांकेर पहुंच चुके थे। कांकेर पहुँचने पर विकासखंड से पहुँचे भाजपा नेताओं को जब वित्त मंत्री के कार्यक्रम के स्थगित होने की खबर मिलने पर कार्यक्रम में शामिल हुए बिना बैरंग वापिस हो गए।



श्री ओ.पी. चौधरी, माननीय मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

का दौरा कार्यक्रम

दिनांक 23/11/2024 (शनिवार)

| समय | विवरण | स्थान/माध्यम |
|---|---|---|
| 12:20 PM | शंकर नगर रायपुर निवास से पुलिस ग्राउण्ड की ओर प्रस्थान | कार द्वारा |
| 12:30 PM | पुलिस ग्राउण्ड हैलीपेड से कांकेर हैलीपेड रवाना | हैलीकाप्टर द्वारा |
| 01:10 PM | कांकेर हैलीपेड आगमन | |
| 01:15 PM | कांकेर हैलीपेड से बस्तर ओलंपिक कार्यक्रम स्थल कांकेर के लिये प्रस्थान | कार द्वारा |
| 01:30 PM | बस्तर ओलंपिक कार्यक्रम स्थल कांकेर आगमन | |
| 02:30 PM | बस्तर ओलंपिक कार्यक्रम कांकेर से जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय कांकेर के लिये प्रस्थान | कार द्वारा |
| 02:40 PM | जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय कांकेर आगमन | |
| 03:30 PM | कलेक्ट्रेट कार्यालय से हैलीपेड कांकेर के लिये प्रस्थान | कार द्वारा |
| 03:40 PM | कांकेर हैलीपेड स्थल आगमन | कार द्वारा |
| 03:50 PM | कांकेर हैलीपेड से पुलिस ग्राउण्ड रायपुर हैलीपेड के लिये प्रस्थान | हैलीकाप्टर द्वारा |
| 04:30 PM | पुलिस ग्राउण्ड रायपुर हैलीपेड आगमन | |
| 04:35 PM | पुलिस ग्राउण्ड रायपुर से शंकर नगर निवास के लिए प्रस्थान | कार द्वारा |
| | आरक्षित | |

### खिलाड़ी व छात्र भी मायूस नजर आए

वित्त मंत्री के प्रवास को लेकर खिलाड़ियो के साथ-साथ आत्मानंद विद्यालय के छात्रों में भी उत्साह देखने को मिल रहा था। आत्मानंद विद्यालय के छात्र भी व्यवस्था को बनाने के लिए स्वंय बेतरीब ढंग से विद्यालय के सामने खड़े दो पहिया वाहन को उठाकर यथास्थन पर रखने के लिए मशक्कत करते हुए नजर आएं। छात्रों को इन वाहनों को हटाने के लिए किसने निर्देश दिया था, यह तो अफसर ही जान सकते है, परंतु ऐसा नजारा देखने को विद्यालय परिसर में मिला। मंत्री के नहीं आने से यही छात्र मायूस भी नजर आएं।

### व्यवस्था पर लाखों खर्च और कार्यक्रम सजा नहीं

मंत्री के प्रवास को लेकर तैयारी भी उसी स्तर पर करने पर संबंधित विभाग का खर्चा भी बढ़ गया, इसके अलावा कई लोग उनको सुनने के लिए भी इधर उधर से पेट्रोल व डीजल खर्च करके पहुँचे थे। पुलिस मंत्री के हिसाब से सुरक्षा को बेहतर इंतजाम करने के लिए दूसरे थानों से अधिकारियों व स्टाप को बुलाकर तैनात किया गया था। अधिकारियों की बैठक भी होनी थी, जिसकी अधिकारी तैयारी करके मुख्यालय में उपस्थित रहे। मंत्री के प्रवास को लेकर की गई पूरी व्यवस्था पर लाखों रूपएं खर्च हो गए, परंतु मंत्री के नहीं आने से लाखों खर्च पर पानी फिर गया।

## धान बिक्री पंजीयन में लोचा, परेशान किसान तहसील का काट रहे चक्कर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

वन अधिकार पट्टाधारी किसानों का धान बिक्री के पंजीयन नहीं होने से किसान परेशान हैं। किसान अपने धान को नहीं बेच पा रहे हैं, इधर किसान पंजीयन नहीं होने से तहसीलदार कार्यालय दुर्गूकोंदल का चक्कर काटने को मजबूर हैं। पचांगी निवासी किसान धनेश जुर्री और बिसायबाई, रोहिदासिन ग्राम मेड़ो, हीरालाल ग्राम मिचेसुखई, पूर्णिमा ग्राम ओटेकसा, जैनसिंग ग्राम वाटिनटोला, बिसनाथ ग्राम ओटेकसा, जमुनाबाई ग्राम मेड़ो, ब्रह्म ग्राम सहारे, कुमारी ग्राम मेड़ो ने केसीसी ऋण लिया हैं, लेकिन धान पंजीयन नहीं हुआ है, जिससे तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। सभी किसान शुक्रवार को दुर्गूकोंदल तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार से धान पंजीयन करवाने की गुहार लगाई है। किसानों ने तहसीलदार को बताया कि हमारे पास वन अधिकार पट्टा है, इस पट्टा से केसीसी ऋण लेकर धान के फसल लगाए हैं। धान के फसल कटाई और मिंजाई कर टोकन कटाने धान खरीदी केंद्र पहुंचे तो हमारे धान पंजीयन शून्य दिखा रही है, इस कारण हम धान नहीं बेच पा रहे हैं। धान नहीं बिकने पर केसीसी ऋण जमा नहीं कर पाएंगे। अधिकारियों ने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है वहीं किसानों का कहना है कि पंजीयन नहीं होने से ▶▶| शेष पेज 12 पर

## दुर्गा को दिया जाएगा हिंदी सेवा सम्मान

**कांकेर।** प्रभा साक्षी संस्थान ने दुर्गा सोलंकी को हिन्दी सेवा सम्मान 2024 से नवाजा है। यह सम्मान 6 दिसम्बर को दिल्ली में कांस्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित समारोह में दिया जाएगा। हिंदी के उत्थान के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय कार्य के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है। इसके साथ ही देश के प्रसिद्ध हिंदी सेवा से जुड़े विशेषज्ञों को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि प्रभा साक्षी संस्थान हर वर्ष हिंदी सेवा सम्मान देश के प्रतिष्ठित लोगों को देती है। पेशे से शिक्षिका दुर्गा सोलंकी करीब 11 सालों से हिंदी शिक्षिका के तौर पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। वर्तमान में अंतागढ़ विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल सरंडी में पदस्थ हैं।



## स्कूटी चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत समता रंगमंच के पास खड़ी स्कूटी वाहन को अज्ञात चोर ने रात को चोरी कर फरार हो गया था। वाहन का मालिक जब सुबह देखा तो वाहन उक्त स्थान पर नही था। वाहन मालिक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर चोर की पता तालाश में जुट गई। चारामा पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में दो माह पहले हुई स्कूटी वाहन की चोरी के मामले में पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि आरोपी डबरीपारा कुरूद जिला धमतरी में दिखा है। पुलिस ने आरोपी की पतासाजी किया, जिसमें पता चला कि आरोपी राजनांदगांव जिला के चिखली थानांतर्गत ग्राम शंकरपुर निवासी 30 वर्षीय विकास शेण्डे पिता स्व. संजय शेण्डे है और वर्तमान में धमतरी जिला के डबरीपारा कुरूद में रह रहा है। कांकेर पुलिस ने आरोपी के बताए गए स्थल पर घेराबंदी किया और आरोपी को डबरीपारा कुरूद से दबोचा। आरोपी को चारामा थाना लाकर पूछताछ किया गया और उसने स्कूटी वाहन की चोरी करना स्वीकार किया। स्कूटी वाहन की चोरी करना स्वीकार करने पर पुलिस ने चोर को विधिवत गिरफ्तार किया और बताए गए स्थल से मोटर सायकल ▶▶| शेष पेज 12 पर



## सार्वजनिक शराबखोरी पर दो के खिलाफ कार्रवाई की गई

**कांकेर।** चारामा पुलिस ने चारभाठा में छापामार कार्यवाही करते हुए दो शराबियों को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पकड़ा। दोनो शराबियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि कुछ व्यक्ति ग्राम चारभाठा बरपारा के पास सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब सेवन कर रहे है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 22 नवंबर को शाम 7 बजे छापामार कार्यवाही करते हुए ईलाके की घेराबंदी किया। पुलिस को आता देख कुछ व्यक्ति वहां से भाग गए। मौके पर आरोपी पुलिस को देखकर शराब के बॉटल एवं डिस्पोजल गिलास को नाली में फेंक दिया। मौके से आरोपी चारभाठा निवासी 42 वर्षीय कैलाश कुमार कुंजाम पिता सुनहेर को पकड़ा गया,



जिसके खिलाफ धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दूसरी कार्यवाही में चारभाठा के रावणभाटा चौक के पास सार्वजनिक स्थान पर 22 नवंबर की शाम सवा 7 बजें शराब पीते हुए आरोपी चारभाठा निवासी 30 वर्षीय विवेक कुमार नायक पिता ठाकुर राम नायक को पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

# संभाग स्तरीय स्पर्धा में विजयी खिलाड़ी दिखाएं दम एवं करें जिले का नाम रौशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

समापन समारोह का समापन की शुरूआत दोपहर एक बजे से होना था, परंतु मुख्य अतिथि का प्रवास रद्द हो जाने के चलते विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्यि में बस्तर ओलंपिक का जिला स्तरीय कार्यक्रम का समापन हुआ और मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक ने कहा कि जिलास्तर पर विजयी प्रतिभागी संभाग स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर कांकेर जिले का नाम रोशन करेंगे, यह हमें पूर्ण विश्वास है।

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक ने कहा कि जिले के बाद अब वे संभागीय खेलों में भी प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभाओं का श्रेष्ठतम प्रदर्शन करते हुए जिला व अपने माता-पिता का नाम रौशन करें। बस्तर ओलम्पिक के आयोजन के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले की युवा प्रतिभाओं को दिशा देकर आगे बढ़ाने का प्रयास किया है, यह बेहद सराहनीय प्रयास है। हार ही एक तरह की जीत है, इससे निराश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि हार से आगे बढ़ने की सीख मिलती है।



सभी खिलाड़ी अनुशासन और संयम के साथ उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए अपनी पहचान जिलास्तर पर स्थापित किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया ने बस्तर ओलम्पिक के माध्यम से क्षेत्र के युवा वर्ग के हुनर को तराशने बेहतर मंच देते हुए नवाचारी प्रयास किया। समापन समारोह में उपस्थित कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करने और सभी प्रतिभागियों को और बेहतर प्रयास करते हुए कामयाब होने की बात कही। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अनुशासन व खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बस्तर में आयोजित होने वाली प्रतिस्पर्धा में अच्छे प्रदर्शन की अग्रिम शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं अन्य मंचस्थ अतिथियों के द्वारा प्रतियोगिता में जिलास्तर पर प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड और मोमेंटो भेंट किए गए।




## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### गट्टासिल्ली के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**नगरी।** गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल गट्टासिल्ली के संचालक आकाश नेताम के मार्गदर्शन में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण एवं पिकनिक का आनंद लिया फरसियां में मां महामाई की पूजा-अर्चना कर विभिन्न खेलकूद का आनंद लिया। क्रिकेट,पिट्ठुल, रस्साकसी जैसे खेलों का रोमांच रहा। कार्यक्रम के अतिथि नीरज सोन प्राचार्य फरसियां स्कूल के माध्यम से बच्चों को श्रृंगी ऋषि, मां महामाई और महानदी के उद्गम की कहानी सुनाई गई। इस अवसर पर भृंगु ऋषि आश्रम के पुजारी विष्णुराम नेताम, कन्हाईराम मरकाम, विशेष अतिथि जवाहर मरकाम महामाई मंदिर अध्यक्ष, भूपेंद्र कुंजाम सचिव उपक्षेत्र महामाई फरसियां का सहयोग रहा। इस अवसर पर कमलनारायण सेन, भूमिका मंडावी, सरस्वती महिलांगे, दामिनी ध्रुव, मीनाक्षी नेताम, प्रियांशु तिर्की, रेशमा मरकाम, सुरेश कश्यप, डाकेश नेताम, मधु नेताम, रमशीला यादव, साबिर अहमद खान, दीपक सोनवानी, रूपेश मरकाम, श्रीराम नेताम, महेश्वर साहू मौजूद थे।

### मुरा के स्कूलों को मिला प्रोजेक्टर



**जीजामगांव।** संजीव सार्वा संयुक्त सचिव मानव अधिकार परिषद संभाग रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला मुरा तथा प्राथमिक शाला मुरा को संयुक्त रूप से प्रोजेक्टर प्रदान किया गया है। प्रोजेक्टर प्रदान करते समय एबीओ प्रतिभा ध्रुव, बीआरसीसी कुलेश्वर सिन्हा, समन्वयक दुष्यन्त देवांगन, प्राचार्य ओझाराम साहू, उत्तम ध्रुव, कृष्णकुमार साहू, ईश्वरी बघेल, भावना कुर्रे, दुलारूराम साहू, योगीराज साहू, धनीराम साहू, योगेश साहू उपस्थित थे।

पेज 11 के शेष...

### धान बिक्री पंजीयन...

हम लोगों को मजबूरी में कोचियों के पास कम कीमत पर धान बेचना पड़ेगा। किसानों ने तहसीलदार के माध्यम से मांग किया है कि हमारे वन अधिकार पट्टा की धान पंजीयन कराई जाए, ताकि धान बेचकर केसीसी ऋण जमा कर सके।

### स्कूटी चोरी का...

को भी जप्त किया गया। विदित हो कि बंगलापारा चारामा निवासी 21 वर्षीय शुभम सोनकले पिता इंद्रजीत सोनकले ने पुलिस को बताया था कि 26 सितंबर को रात 10 बजे अपने स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएन 4009 को समता रंगमंच चारामा के सामने खड़ी कर सोया था। अगले दिन 27 सितंबर को सुबह करीबन 6 बजे उठकर देख तो खड़ी किए स्थान पर मेरा वाहन नही था। कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया था। स्कूटी वाहन चोर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी चारामा निरीक्षक, सउनि प्रदीप यादव, प्रआर पचकौड़ शोरी, आरक्षक जितेन्द्र नाग का योगदान रहा।

# पुलिस आरक्षक की नौकरी के नाम पर ठगी, 3 आरोपी पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/केशकाल

पुलिस ने चंद घंटों में पुलिस आरक्षक की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर ठगी का पर्दाफाश किया है। आरोपियों से कुल 45,000 रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन और नौ एडमिट कार्ड जब्त किए गए हैं। तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जाएगा। प्रार्थी ने 14 नवंबर 2024 को थाना कोतवाली कोंडागांव में शिकायत दर्ज कराई थी कि जीवनलाल सोम नामक व्यक्ति ने पुलिस विभाग में भर्ती लगाने का झांसा देकर उससे और उसके साथियों से कुल 45,000 रुपये ठगे। शिकायत पर मामला थाना विश्रामपुरी को सौंपा गया। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपतसिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में एक विशेष टीम गठित कर मामले की जांच शुरू की गई।

## आरोपियों ने तीन मोबाइल और नौ एडमिट कार्ड बरामद

### गिरफ्तारी और जब्ती हुई ये सामग्री

जांच के दौरान आरोपी जीवनलाल सोम को उसके घर से हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान उसके पास से 30,000 रुपये नकद और नौ एडमिट कार्ड बरामद किए गए। वहीं, आरोपी उदय शोरी से 7,000 रुपये और हेमलाल मरकाम से 5,000 रुपये बरामद किए गए।



### पुलिस की तत्परता से आरोपी हुए गिरफ्तार

गिरफ्तारी और जब्ती की कार्रवाई में थाना प्रभारी विश्रामपुरी निरीक्षक भुनेश्वर नाग, साइबर सेल के उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर, सउनि सुमंत कुमार भगत और उनकी टीम ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### आगे की कार्रवाई

गिरफ्तार आरोपियों को विधिवत सूचना देकर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस की सक्रियता और साइबर टीम के सहयोग से इस ठगी का पर्दाफाश संभव हो सका। जिला पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी से सतर्क रहें और ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

**आरोप :** पीड़ित किसानों ने कहा- चंचल वैरायटी के धान के पौधों में बालियां ही नहीं फूटी

# धान बीज बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी कंपनी के खिलाफ 25 को करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

माकड़ी ब्लॉक के रांधना क्षेत्र और फरसगांव व विश्रामपुरी ब्लॉक के किसानों को ठगने का मामला सामने आया है। रांधना स्थित शंकर कृषि केंद्र के संचालक रमापति पाठक द्वारा विगरबायोटेक कंपनी की चंचल वेरायटी की धान बेचने का आरोप है। किसानों का कहना है कि उन्हें बीज की गुणवत्ता के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई थी। पाठक ने इस धान को उच्च गुणवत्ता वाला और अधिक उपज देने वाला बताकर बेचा। किसानों ने इसे बड़े पैमाने पर खरीदा और रोपा, लेकिन फसल में बालियां नहीं आईं।

### धरना देने की तैयारी

लगातार तीन महीने तक अधिकारियों और नेताओं के चक्कर काटने के बावजूद किसानों को केवल आश्वासन मिला। ऐसे में नाराज किसानों ने अब आंदोलन का निर्णय लिया है। शुक्रवार को किसानों ने फरसगांव एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने 25 नवंबर को फरसगांव हॉस्पिटल मैदान में 500 से अधिक किसानों के साथ धरना देने की घोषणा की। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो वे जल्द ही कोंडागांव कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठेंगे।



### किसानों की प्रमुख मांगें

*ठगे गए किसानों को क्षतिपूर्ति दी जाए, केसीसी लोन की राशि माफ की जाए, शंकर कृषि केंद्र को सील कर संचालक रमापति पाठक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और उनका लाइसेंस रद्द किया जाए, विगरबायोटेक कंपनी को प्रतिबंधित किया जाए, ताकि ऐसी घटनाएं भविष्य में न हों। ज्ञापन सौंपने के दौरान माकड़ी, विश्रामपुरी और फरसगांव के कई किसान उपस्थित रहे। किसानों का कहना है कि यह आंदोलन केवल शुरुआत है, और उनकी मांगें पूरी न होने तक संघर्ष जारी रहेगा।*

### किसानों की समस्याएं और परेशानियां

फसल बर्बाद होने से किसान परेशान हैं। उन्होंने अपनी शिकायत पहले रमापति पाठक से की, लेकिन संचालक ने कोई जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया और कहा कि बीज उनकी दुकान पर केवल बिक्री के लिए है। इसके बाद किसानों ने एसडीएम, डीएम, विधायक और कृषि विभाग के अधिकारियों से भी संपर्क किया। हालांकि, जांच के बाद भी समाधान नहीं निकल पाया है। किसानों को अब केसीसी किसान क्रेडिट कार्ड लोन चुकाने की चिंता सता रही है। क्योंकि फसल नहीं होने से उनकी आय प्रभावित हुई है।

# गांजा तस्करी में संलिप्त दो आरोपी को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से एक पिट्ठू बैग और एक ट्रॉली बैग में छिपाए गए 15 किलोग्राम गांजे को जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग 1,50,000 रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र और एसडीओपी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में साइबर प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति बस स्टैंड, कोंडागांव में गांजे के साथ रायपुर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे हैं।



### टीम का विशेष योगदान

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय, सउनि दिनेश पटेल, प्र.आर. मिथलेस रजक, आरक्षक सुखी राजपूत, दिनेश नेताम, बुधसन कुलदीप और साइबर सेल की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोंडागांव पुलिस ने इस कार्रवाई से जिले में अवैध नशीले पदाथोंर् के व्यापार पर कड़ा संदेश दिया है।

### गिरफ्तारी की प्रक्रिया रात में पूरी की गई

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी महताब 32 निवासी गोरीपुर, थाना बागपत, उत्तर प्रदेश, और एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया। उनके बैग से खाकी रंग के सेलो टेप में लिपटे कुल तीन पैकेट गांजा बरामद किए गए। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 ख के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी की प्रक्रिया रात 23:40 बजे पूरी की गई। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद उनके परिजनों को सूचित किया गया।

# जिला बस्तर ओलंपिक के तीसरे दिन कोण्डागांव और बड़े राजपुर के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक के तीसरे दिन का आयोजन बड़े उत्साह के साथ विभिन्न खेल स्थलों पर संपन्न हुआ। बालक जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने एथलेटिक्स, कराते, खो–खो, व्हॉलीबॉल, कबड्डी और बैडमिंटन जैसे खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में कोंडागांव, फरसगांव, माकड़ी, बड़ेराजपुर और केशकाल विकासखंड के खिलाड़ी शामिल हुए। आज के विजेताओं को मुख्य अतिथि दीपेश अरोरा और सुश्री सोनमणी पोयाम पार्षद के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किए गए।

■ विजयी खिलाड़ियों का सम्मान किया गया



### बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं

*23 नवंबर 2024 को बालिका वर्ग (14–17 वर्ष) की प्रतियोगिताएं आयोजित की। एथलेटिक्स, कराते, खो–खो, व्हॉलीबॉल, कबड्डी और बैडमिंटन जैसे खेल विकासनगर स्टेडियम, टाउन हॉल और अन्य स्थलों पर आयोजित हुई। जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक में बच्चों और युवाओं के उत्साह और प्रदर्शन ने आयोजन को विशेष बना दिया है। आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि यह प्रतियोगिता खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और प्रोत्साहित करने में मील का पत्थर साबित होगी।*

### खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

जूनियर बालक वर्ग के एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ में मनोज कुमार नाग, 200 मीटर में अक्षय कुमार और 400 मीटर दौड़ में किशन लाल मंडावी विजयी रहे। रिले रेस 400100 में सोमारू, अजय, सुकचंद, और पंचूराम की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। फील्ड इवेंट्स में शॉटपुट के विजेता कमलेश, डिस्कस थ्रो के नामदेव, जेवलिन थ्रो में पीतांबर और लंबीकूद में ज्योतिष मरकाम रहे, जबकि ऊंचीकूद में सहदेव मरकाम ने पहला स्थान पाया। बैडमिंटन में आर्यन नायडू ने एकल वर्ग में जीत दर्ज की, जबकि युगल वर्ग में शिवा साहू और मोहम्मद तहसीन रजा की जोड़ी ने बाजी मारी। कराते में जितेंद्र और सुमन मंडावी ने शानदार प्रदर्शन किया। खो–खो में कोंडागांव ब्लॉक, कबड्डी में बड़ेराजपुर ब्लॉक, और व्हॉलीबॉल में कोंडागांव की टीम विजेता रही। तीरंदाजी में भी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जूनियर बालक वर्ग में जयकिशन सोरी, बालिका वर्ग में रमशीला नेताम, सीनियर पुरुष वर्ग में रंजू सोरी, और सीनियर महिला वर्ग में सुशीला नेताम ने जीत दर्ज की।

### पुरस्कार और सम्मान

व्यक्तिगत खेलों में प्रथम स्थान पर रहने वालों को 2000 रुपये, द्वितीय स्थान पर 1500 रुपये, और तृतीय स्थान पर 1000 रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। वहीं, टीम इवेंट्स में प्रथम स्थान पर 4000 रुपये, द्वितीय स्थान पर 3000 रुपये, और तृतीय स्थान पर 2000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र, जबकि सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

# हरवेल विद्यालय के बाल मेले सजे व्यंजनों के स्टाल में खूब हुई बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल/विश्रामपुरी

कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरवेल प्रांगण में 23 नवम्बर को बाल दिवस सह बाल मेला का आयोजन किया गया था जिसमें विभिन्न व्यंजनों की स्टाल लगाए गए थे विधार्थियों और शिक्षकों ने जमकर खरीदारी की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों द्वारा बनाए विभिन्न पकवान और खेल के माध्यम से भावी जीवन में आगे बढ़ने को प्रोत्साहन देना रहा। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत शाला के प्रभारी प्राचार्य रामसाय नाग एवं शिक्षकों और छात्रों द्वारा मां सरस्वती एवं जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र में माल्यार्पण से किया गया। इसके पश्चात बालदिवस के अवसर पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री चाचा नेहरू के बच्चों के प्रति प्रेम के कारण मनाया जाना को उल्लेखित किया गया। इसी तरह विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया था जिसमें खेल में कुर्सी दौड़, आलू दौड़, जलेबी दौड़, रेलगाड़ी छुक छुक जैसे आयोजन किया गया । तत्पश्चात समस्त छात्र छात्राओं का स्वागत शिक्षक–शिक्षिकाओं द्वारा गुलाल व पुष्प वर्षा से किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12 वी के शालानायक अमीषा मरकाम, ममता मरकाम और ज्योति के द्वारा किया गया। इसमें संस्था के प्रभारी प्राचार्य रामसाय नाग, गजेन्द्र कुमार गंगबेर ,भागवती भेड़िया, दयावती नेताम,पुनेश वर्मा, चन्दुलाल मरकाम संदीप कुमार कोर्राम, सरिता मरकाम, एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


**विधायक ने ग्राम सेमरा (सि) में किया करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण**

# गांव को आत्मनिर्भर इकाई बनाएं ग्रामीण : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद

विधायक अजय चंद्राकर ने ग्राम पंचायत सेमरा (सि) में करीब सवा करोड़ रुपये की लागत से हुए विभिन्न विकास कार्यों का बतौर मुख्य अतिथि लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क सहित आधारभूत अधोसंरचना का विकास प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। श्री चंद्राकर ने गुरुवार को ग्राम पंचायत सेमरा (सि) व आश्रित ग्राम खपरी में करीब सवा करोड़ रुपये की लागत से बने पानी टंकी, कव्हर्ड शेड, सीसी सड़क, स्कूलों में बने अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने जोरातराई हाईस्कूल, सिलौटी महाविद्यालय एवं कोर्रा में खुले नवीन आईटीआई का जिक्र कर कहा कि ये सभी सुविधाएं इसलिए हैं कि ग्राम स्तर पर आवश्यक अधोसंरचना सुनिश्चित बनाकर गांव को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज बेहतर आर्थिकी के लिए आधार का कार्य करता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने गांव और ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर इकाई के रूप में विकसित करें। इस अवसर पर भाजपा नेतागण आनंद यदु, भीमदेव साहू, चोवाराम गंजीर, भोला राम साहू, सरपंच जोरातराई सविता गंजीर, सेमरा खिलेश्वरी निषाद, कोर्रा चोवाराम साहू, गीतेश्वरी साहू, कामता निषाद, उमेश देवांगन, त्रिकेश निषाद, कामता सिन्हा, रेणु साहू, रामचंद्र राव, नारद साहू, संत दावना, शेखर साहू, मोहन सिन्हा, प्रेमचंद, गिरधर देवांगन, सेवक राम सिन्हा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**

### आयुष विभाग की टीम ने किया स्वास्थ्य परीक्षण

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र एवं बौद्धिक मंद बालक विशेष विद्यालय बीजापुर में आयुष अधिकारी जिला बीजापुर एवं उनके टीम के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत संबंधित दिव्यांगों को सर्दी, खांसी, बुखार इत्यादि का दवाई वितरण किया गया। साथ ही नशामुक्त भारत अभियान के प्रचार-प्रसार एवं नशा से कैसे दूर रहे, इससे होने वाले बीमारी तथा जिले में सचालित होने वाले नशामुक्त केन्द्र के बारे में अवगत कराया गया एवं बच्चों को अपने पढ़ाई-लिखाई, में ध्यान देने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही आयुष विभाग के टीम, पुनर्वास केन्द्र के सभी अधिकारी-कर्मचारी एवं दिव्यांग बच्चों ने नशामुक्ति के लिए शपथ एवं संकल्प लिया। इस अवसर पर कमलेश कुमार पटेल उप संचालक समाक कल्याण, डॉ. राकेश ठाकुर जिला आयुष अधिकारी, डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह, दुरगैया गुरला फार्मासिस्ट, जयश्री दुर्गम औषाधालय सेवक, क्लिनिकल सायकोलॉजिस्ट विल्सन मनहरे एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# बस्तर ओलम्पिक ग्रामीण खेल प्रतिभाओं के लिए अद्भुत मंच : केदार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा**

बस्तर ओलंपिक के विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का शुक्रवार को वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला सुकमा केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। जिला मुख्यालय मिनी स्टेडियम सुकमा में प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर आयोजित प्रदर्शन मैच में पहुंचकर प्रभारी मंत्री केदार कश्यप और जनप्रतिनिधियों ने कबड्डी और रस्साकशी के

- **जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक में हजारों खिलाड़ी निभा रहे सक्रिय सहभागिता**

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और हौसला बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर मंत्री कश्यप ने जिलेवासियों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक ग्रामीण क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं को एक अदभुत मंच प्रदान करता है। उन्होंने खिलाड़ियों से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन करने को कहा।



मंत्री ने बताया कि बस्तर ओलंपिक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल का परिणाम है। इस आयोजन से न केवल खेल भावना का विकास होगा, बल्कि युवाओं को अपने जीवन में अनुशासन और हार-जीत के महत्व को समझने का अवसर मिलेगा। उन्होंने जिले में विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

साथ ही नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से नक्सल उन्मूलन अभियान को भी नई ऊर्जा मिली है। इस वर्ष बस्तर ओलंपिक में लगभग 10 हजार खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया जिनमें से 1,025 खिलाड़ी अपने-अपने खेल विधाओं में प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन में क्षेत्रीय और पारंपरिक खेल विधाओं को शामिल कर स्थानीय खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की कोशिश की गई है। इस मौके पर खिलाड़ियों को सच्ची खेल भावना से खेल में भाग लेने की शपथ दिलाई गई। मंत्री कश्यप ने पुलिस प्रशासन को आज भेज्जी में हुए मुठभेड़ की सफलता के लिए भी बधाई दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक एवं पार्टी पदाधिकारी धनीराम बारसे ने सभी प्रतिभागियों को बस्तर ओलंपिक के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा और प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में बारसे ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवाओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित करेगा और जिले का गौरव बढ़ाएगा।

बस्तर ओलंपिक के माध्यम से क्षेत्रीय खेल और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जगन्नाथ साहू, हुंगाराम मरकाम, अरूण सिंह भदौरिया, सन्नू कोरसा, डमरू नाग, विश्वराज चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, डीएफओ अशोक कुमार पटेल, अपर कलेक्टर गजेन्द्र ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी और गणमान्य नागरिकों सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## डबल इंजन की सरकार ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल प्रदाय करने में नाकाम





**हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली**

दंतेवाड़ा जिले में आज भी कई ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की भारी समस्या है, आज भी ग्रामीण शुद्ध पेयजल की इंतजार में है। आप को बता दें कि दंतेवाड़ा से बैलाडीला की मुख्य सड़क से लगे भांसी ग्राम पंचायत में कई घरो में नल जल कनेक्शन तो दिया गया है लेकिन नल तो है पर उस नल में आज तक जल नहीं पहुंचा है। योजना भले ही अधूरी हो परंतु विभाग व प्रशासन नल जल योजना की तारीफ करते नहीं थक रहा लेकिन सच्चाई यह है कि आज भी मुख्य सड़क हो या ग्रामीण क्षेत्रों में कई परिवार पानी की समस्या से परेशान हैं। आज भी कही पानी की टंकिया अधूरी है तो कही सोलर हैंड पम्प का कार्य अधूरा है। इसके वावजूद नल जल योजना के विभाग के अधिकारियों के प्रति जिला प्रशासन के द्वारा कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठाया गया है। योजना के निर्माण कार्य में भी सवाल खड़े हो रहे है जल नल कनेक्शन में डीआई पाईप की जगह पीसीसी पाईप का उपयोग किया जा रहा है जिस्से पाईप कई जगहों पर छतिग्रस्त हो रहा है।

## खिलाड़ियों ने दिखाया खेल में अपना दम



**हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा**

जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय मेगा बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का विधिवत समापन विधायक चैतराम अटामी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण-पत्र ससम्मान प्रदान किया गया। मेगा बस्तर ओलंपिक के समापन अवसर पर सम्बोधित करते हुई विधायक अटामी ने कहा कि खेल ऐसा माध्यम है जो हमारे तन-मन को स्वस्थ रखता है और स्वस्थ रहेंगे तभी हम आगे बढ़ने के सभी अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। बस्तर के युवाओं में कई प्रकार की विधाओं में प्रतिभा कूट कूट कर भरा है। खेल विधा के द्वारा व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक विकास के साथ-साथ नाम कमाने और रोजगार के अवसर मिलते है। इस अवसर पर उन्होंने सभी विख मुख्यालय में एक-एक सेट कबड्डी मेट देने की भी घोषणा किया। इसके अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

इस दौरान कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सभी संभाग स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों का संभाग स्तरीय आयोजन के पूर्व 7 दिवस का कोचिंग कैंप रखने को भी कहा। जिसमें एनआईएस कोच द्वारा उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा। इस प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण रायपुर से आये नुक्कड़ कलाकार एवं मुख्य अतिथियों के समक्ष महिलाओं का रस्सा-खीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिलाओं की रस्सी खीच प्रतियोगिता में विख दंतेवाड़ा के मंगनार की महिलाओं ने विख कटेकल्याण की महिला टीम को शिकस्त दी।

ज्ञात हो कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता के दो दिवसीय आयोजन में सभी विकासखंडों के लगभग 950 खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर महिला एवं पुरुष वर्ग में आयोजित की गई थी। इस के अतिरिक्त हॉकी एवं वेटलिफ्टिंग के लगभग 150 खिलाड़ियों ने सीधे जिला स्तर पर भाग लिया ।

इस आयोजन में तीरंदाजी जूनियर पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान मनीष कुमार विखं गीदम, कराते में प्रथम स्थान रोहन कटेकल्याण, वेटलिफ्टिंग में प्रथम स्थान अक्षत साहू कुआकोंडा एवं कटेकल्याण, कबड्डी दंतेवाड़ा, व्हालीबाल गीदम, खो-खो कटेकल्याण, फुटबॉल कुआकोंडा, हॉकी गीदम विजेता बने। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी एवं कर्मचारियों, शिक्षक एवं व्यायाम शिक्षक उपस्थित थे।

## क्रॉप डॉक्टर मोबाइल ऐप पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम**



आदिवासी क्षेत्रों में कृषि को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने, डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने और कृषि उत्पादन में सुधार करने के उद्देश्य से फसल (क्रॉप) डॉक्टर मोबाइल ऐप पर इंगाकृविवि रायपुर के कृषि सांख्यिकी विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र गीदम दन्तेवाडा के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी किसानों को इस ऐप का उपयोग करना सिखाना था, जिससे वे अपनी फसलों की निगरानी कर सकें और कृषि से संबंधित समस्याओं का समाधान पा सकें। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जसवीर नेगी प्रदेश अध्यक्ष, मानवाधिकार परिषद, डॉ. प्रवीण कुमार निषाद प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, केवीके, दंतेवाड़ा एवं डॉ. डीपी सिंग, वैज्ञानिक, कृषि संख्यिकी विभाग, इंगाकृ विवि रायपुर द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा-आरती कर किया गया। कार्यक्रम में कृषि सांख्यिकी विभाग के वैज्ञानिक डॉ. डीपी सिंग एवं तकनीकी सलाहकारों ने किसानों को क्रॉप डॉक्टर ऐप के विभिन्न फीचर्स के बारे में जानकारी दी। ऐप का उपयोग करके किसान अपनी फसल की स्थिति का विश्लेषण कर सकते हैं, बीमारियों की पहचान और निदान कर सकते हैं तथा उर्वरकों एवं कीटनाशकों का उचित सुझाव प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य अतिथि का संबोधन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेगी ने कहा डिजिटल तकनीक आज के समय की आवश्यकता हैं। आदिवासी क्षेत्रों में खेती को सशक्त बनाने के लिए यह प्रशिक्षण एक बड़ा कदम है। इससे न केवल किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि वे बाजार के साथ सीधे जुड़कर अपनी उपज का उचित मूल्य भी प्राप्त कर सकेंगे।



## खबर संक्षेप



### राहुरवाही में मितानिन दिवस मनाया गया

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत राउरवाही में मितानिन दिवस मनाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष पीलम नरेटी ने मितानिन से कहा कि आप लोगो कि गांव में महती भूमिका होती है। सर्दी, खांसी, बुखार, गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराने में आप सभी का विशेष होता है। कार्यक्रम के दौरान उपसरपंच लकेश कोमरा, वार्ड पंच तुला राम कोमरा, सावित्री कोमरा, नितेश दुग्गा, भाजपा कार्यकर्ता नरेश कोमरा, मितानिन बिसोन नरेटी, शोहद्रा पटेल, रामप्यारी यादव, फुलसो कोमरा, लिलेश्वर तारम व अन्य लोग उपस्थित रहें।

### छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**चारामा।** छत्तीसगढ़ संघर्ष मोर्चा प्रांतीय आहवान पर चरणबद्ध आंदोलन के तहत मोदी कि गारंटी को लागू करने के लिए एलबी संवर्ग के विभिन्न मांगो को लेकर विधायक सावित्री मनोज मंडावी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एलबी संवर्ग के प्रमुख मांगों में सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति, प्रथम नियुक्ति तिथि से 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन, समस्त पात्र शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान एवं समयमान का विभागीय आदेश करने, केंद्र के सामान देय तिथि से महंगाई भत्ता एरियर्स सहित प्रदान करने व एलबी संवर्ग के पात्र शिक्षकों रिक्त पदों में पदोन्नति प्रदान करने इन प्रमुख मांगों के संबंध में विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखने और जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री के पास जाकर चर्चा करने की बात कही।

### लोहत्तर में मनाया मितानिन दिवस



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत लोहत्तर मे 23 नवम्बर को पंचायत भवन में जनप्रतिनिधियों कि उपस्थिति मे मितानिन दिवस मनाया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मितानिन ग्रामीण क्षेत्रो मे स्वास्थ्य विभाग के सबसे निचे, लेकिन वहा स्वास्थ्य ढांचा की जड़ होती है। मितानिन लोगो तक पहुंचकर न सिर्फ उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखती है, बल्कि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करती है। कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा, सरपंच बसंती भालेश्वर, ग्राम पटेल मेहतर राम दीवान, कंश चुरेन्द्र, सावित्री पुरामे, रूपई नाग, चंद्रिका पटेल, निर्मला नाग एवं मितानिन जगमनी दुग्गा, जानकी कुलदीप, कौशलिया केडाम, पुनिया औरसा, संध्या नेताम, तामेश्वरी गढ़यिा, निर्मला यादव, सरस्वती दुग्गा, कल्पना देहारी सहित ग्राम पंचायत लोहत्तर कि मितानिन उपस्थित रहें।

## समाज : समाज के गौरव और इतिहास की दें जानकारी

# अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा हल्बी युवा प्रभाग का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज ब्लॉक दुर्गूकोंदल के युवा प्रकोष्ठ का गठन किया गया। ग्राम कर्रामाड में शुक्रवार को आयोजित युवा प्रकोष्ठ के मनोनयन बैठक में दुर्गुकोंदल ब्लाक के हल्बा समाजप्रमुखों व कर्मचारी प्रकोष्ठ के सदस्यों की उपस्थिति में माँ दंतेश्वरी की सेवा अर्जी किया गया। तत्पश्चात समाज के उत्थान के लिए युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा विभिन्न रचनात्मक कार्यों के लिए ब्लाक के विभिन्न क्षेत्र के हल्बा युवा पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। समाज प्रमुखों ने कहा कि हल्बा आदिवासी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। उस इतिहास को जानने की आवश्यकता है। सामाजिक व शैक्षणिक विकास के लिए युवाओं की भागीदारी तय करने के साथ ही संस्कृति संरक्षण की दिशा में भी युवाओं का योगदान होना चाहिए। आनेवाली पीढ़ी को उचित दिशा देने के लिए समाज के प्रत्येक युवा को समाज से जुड़कर विभिन्न सामाजिक क्रियाकलापों को समझना होगा। इसके लिए युवाओं को संगठित रहना होगा। समाज के सभी युवाओं को जिम्मेदारी दी जा रही है। हमें विश्वास है कि सामाजिक उत्थान में आप सभी मिलकर कार्य करेंगे। शुक्रवार को हुई गठन में युवा प्रकोष्ठ दुर्गूकोंदल के अध्यक्ष विकास राजु नायक, उपाध्यक्ष गोपी बढ़ाई, नंदकुमार बघेल, संवली टोहलिया, पदमनी सोम, ज्योति नाग, ललित गोयल, लुकेश भोयर, संजू राना सोनपाल, जितेंद्र बारला, रविंद्र भालेश्वर, नितेंद्र कश्यप एवं कार्यकारिणी सदस्य जागेश्वर भालाकड़यिा व अन्य को बनाया गया। इस अवसर पर सामान्य प्रकोष्ठ के ब्लाक अध्यक्ष शिवकुमार चिराम, उपाध्यक्ष नंदकुमार गुरुवर, रैनसिंह कोठारी, शिवप्रसाद बघेल, बसंती भालेश्वर, कृति राणा, सचिव तेजकुमार पिद्दा, सहसचिव हृदय बघेल, संरक्षक ढाल सिंह पात्र, श्रीराम बघेल, सेवा राम चिराम, सलाहकार कृपा राम बघेल, हंसा राना, कमल कोसमा, कोषाध्यक्ष बालसिंह रावटे, सह-कोषाध्यक्ष नंदकुमार देहारी, मीडिया प्रभारी मुकेश बघेल, हेमलाल खरे व कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सदस्य तथा युवा उपस्थित रहे।

## मितानिन दिवस मनाया और मितानिनों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

आयुष्मान आरोग्य मंदिर भैसाकन्हार (क) के प्रांगण में मितानिन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य संयोजक लता नरेटी और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता राणा द्वारा तिलक और पुष्प गुच्छ देकर मितानिन बहनों का स्वागत कर सम्मानित किया गया। मितानिन बहनों के द्वारा केक काटकर मितानिन दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक भानुप्रतापपुर सविता नायर द्वारा सभी मितानिन बहनों को उपहार देकर निरन्तर अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक बृजेश ऊके ने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। वरिष्ठ मितानिन सुरजा वट्टी द्वारा मितानिनों के कार्यों के अनुभव को साझा करते हुए बताई कि प्रारंभ से ही निस्वार्थ भावना से सेवा कर रहे है और आगे भी करते रहेंगे। शासन स्तर पर भी हमारे लिए कुछ अच्छी पहल की जाना चाहिए, ताकि हम और भी उत्साह से अपने दायित्व को अच्छे से निर्वहन कर सके।

कार्यक्रम के दौरान मितानिन ब्लॉक समन्यवक आबदा कुरैशी, मितानिन प्रेरक सुमित्रा गावड़े, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पलता दरपट्टी, शकुन करंगा, कामिन औरसा, लक्ष्मी लाटीया, नीरा औऱसा, रमिता पोटाई, सुरजा वट्टी, गंगा कोर्राम, मानकुंवर कोर्राम व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## तीन दिनी बाल क्रीड़ा स्पर्धा के समापन पर 235 छात्र-छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**दुर्गुकोंदल।** त्रिदिवसीय दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में आंधेवाडा, सुरुंगदोह ,साधुमिचगांव, कोड़ोगांव, मेरेगांव ,धनवाफुलचूर, फ़त्तिफुलचुर, भेजर, गरदा व तुमरीसुर के प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं के कुल 235 प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्राथमिक वर्ग सामूहिक खेल खो-खो बालक प्रथम प्राथमिक शाला साधुमिचगांव, द्वितीय प्राथमिक शाला ओडाहुर, बालिका वर्ग में प्रथम प्राथमिक शाला साधुमिचगांव, द्वितीय प्राथमिक शाला ओडाहुर, कबड्डी बालक प्रथम प्राथमिक शाला फित्तेफुलचूर, द्वितीय प्राथमिक शाला साधुमिचगांव, बालिका प्रथम प्राथमिक शाला ओडाहुर और द्वितीय प्राथमिक शाला मेरेगांव ने प्राप्त किया। माध्यमिक वर्ग सामूहिक खेलों में खो-खो बालक प्रथम माध्यमिक शाला गुदुम, द्वितीय माध्यमिक शाला साधुमिचगांव बालिका प्रथम माध्यमिक शाला गुदुम, द्वितीय माध्यमिक शाला साधुमिचगांव, कबड्डी बालक प्रथम



माध्यमिक शाला सुरुंगदोह, द्वितीय माध्यमिक शाला धनवाफुलचूर, बालिका प्रथम माध्यमिक शाला साधुमिचगांव, द्वितीय माध्यमिक शाला धनवाफुलचूर, व्हालीबॉल बालक प्रथम माध्यमिक शाला धनवाफुलचुर ,द्वितीय माध्यमिक शाला सुरुंगदोह, बालिका प्रथम माध्यमिक शाला धनवाफुलचूर, द्वितीय माध्यमिक शाला साधुमिचगांव, रिलेरेस बालक वर्ग प्रथम माध्यमिक शाला सुरुंगदोह एवं बालिका वर्ग में प्रथम माध्यमिक शाला साधुमिचगांव ने प्राप्त किया।

खेलों में चैंपियन ट्राफी का खिताब प्राथमिक वर्ग बालक लक्ष्मण नरेटी प्राथमिक शाला साधुमिचगांव, बालिका शालिनी तुलावी प्राथमिक शाला धनवाफुलचूर, माध्यमिक वर्ग में चैंपियन ट्रॉफी बालक करण कुमार उयके माध्यमिक शाला साधुमिचगांव, बालिका निशा माध्यमिक शाला गुदुम ने प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। दर्शकों द्वारा नगद राशि छात्रों को प्रदान की गई। समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों के अलावा आंधेवाड़ा निवासी कलामंच कलाकार तिलक कुमार एवं कुश ने अपनी सुन्दर प्रस्तुति दिया। समापन अवसर पर सरपंच नामदेव मरकाम, उपसरपंच बहादुर तुलावी, युवाप्रभाग समिति अध्यक्ष धीरज सिन्हा, ग्राम गायता निरिंगसाय तुलावी, ग्राम पटेल परमेश्वर रावटे, सभी ग्राम के गायता,पटेल, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण व दर्शक उपस्थित रहें।

## महिला को कई बार जान से मारने की दी धमकी, आरोपी पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

दुर्गुकोंदल थानांतर्गत ग्राम अमोड़ी में महिला के साथ बार-बार विवाद कर महिला को परेशान करने वाले ग्रामीण के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी कई बार उसको जान से मारने की धमकी दे चुका है। परिवार वालो के समझाने के बाद भी अपनी आदत को नही सुधार पाया, जिससे काफी परेशान हूं।

थाना में शिकायत करने पहुंची बड़ेपारा अमोड़ी निवासी 27 वर्षीय नर्मदा मंडावी पति राजकुमार मंडावी ने पुलिस को बताया कि 21 नवंबर को मैं घर में थी। मेरे घर के बगल में लकड़ी रखा हुआ है। उसी दिन शाम



करीबन 5 बजे कमलेश की पत्नी लकड़ी उठा रही थी, जिसे देखकर मैं कमलेश की पत्नी से कहा कि मेरे लकड़ी को क्यो उठा रही हो, लकड़ी को मैं खरीद कर रखी हूं। ऐसा कहने पर पास में खड़े आरोपी अमोड़ी निवासी कमलेश पोटाई पिता स्व. सिंगलू राम गाली देते हुए बोला कि तेरे सब लकड़ी को ले जाउंगा और तुझे जान से मार दूंगा कहकर धमकी देने लगा। गाली देने और लकड़ी नहीं ले जाने के लिए मना करने के बावजूद भी लकड़ी के डण्डा को लेकर चला गया। कुछ देर बाद वापिस मेरे दुकान के पास कमलेश आकर उंगली दिखाकर कहने लगा कि आज तुझे जान से मारूंगा, ऐसा धमकी दे रहा था। इससे पहले भी आरोपी कमलेश पोटाई के द्वारा कई बार मेरे घर के सामने आकर मेरे साथ अभद्र व्यवहार करता रहा है, जिससे मै काफी परेशान हूं व जान का भय बना रहता है। कमलेश को कई बार परिवार वालो ने समझाईश दिया था, फिर भी कमलेश पोटाई अपने आदतो से बाज नहीं आया।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने आररोपी के खिलाफ धारा 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## हमर लक्ष्य अभियान के तहत हुए गहन अनुरोध कार्यक्रम में दी गई जानकारी

**दुर्गुकोंदल।** शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए हमर लक्ष्य अभियान शुरू किया गया है, जिसके तहत शैक्षणिक गुणवत्ता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने, स्कूल में प्रेणादायी वातावरण निर्मित करने तथा विद्यार्थियों की अनुपस्थिति को शून्य स्तर तक लाने, स्कूलों में रेमेडियल और अतिरिक्त क्लास लगाने के लिए प्राचार्यों को प्रोत्साहित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।



जिला प्रशासन की अति महत्वपूर्ण पहल हमर लक्ष्य के नोडल सहायक खंड शिक्षा अधिकारी दुर्गुकोंदल अंजनी मंडावी, बीईओ एसपी कोसरे के दिशा निर्देशन में ब्लॉक दुर्गुकोंदल में 23 नवंबर शनिवार को हाई स्कूल इरागांव, हायर सेकेण्डरी स्कूल तरहुल, हाई स्कूल ताराईघोठिया, हायर सेकेण्डरी स्कूल लोहत्तर के प्राचार्यो और शिक्षकों द्वारा एक अति महत्वपूर्ण मुहिम के रूप में हमर लक्ष्य के तहत गहन अनुरोध कार्यक्रम चलाया गया और इसका सार्थक परिणाम लगातार अनुपस्थित विद्यार्थियों के अभिभावकों और विद्यार्थियों पर देखने को मिल रहा है।

## कन्या शाला चारामा में अहिल्या होलकर की मनाई गई जयंती

**चारामा।** राजमाता देवी अहिल्या बाईं होलकर की त्रिजन्म शताब्दी जयंती उत्सव का आयोजन 23 नवंबर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला चारामा में किया गया। भारतीय सनातन संस्कृति के सभी पुण्य महात्मनाओ ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण, सनातन संस्कृति की रक्षा में न्योछावर कर दिया। ऐसे महा नायकों की जीवनी नई पीढ़ी के बच्चों को एवं जनमानस को बताने का एक अभिनव प्रयास पूरे देश भर में किया जा रहा है। इसी प्रयासों के तहत पुण्य सलिला राजमाता देवी अहिल्या बाई होलकर जिनका त्रिजन्म शताब्दी जयंती का उत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है। आयोजन के तहत विद्यालय महाविद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को उनके द्वारा राष्ट्र के प्रति किए गए योगदान को बताये जाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष बीजेपी महिला प्रकोष्ठ उमादेवी




शर्मा एवं अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति रही कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य भानुशंकर नागराज ने किया।

कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष कौशल्या देवी देवदास ने माता अहिल्या बाई होलकर की जीवनी को विस्तार से बच्चो को बताया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में रीमन साहू, पी भोजवानी, केके गंजीर, जनक सिन्हा, संगीता ठाकुर, निरंजना मंडावी, तुलसी जैन, प्रभा उपाध्याय व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## पोर्टल के माध्यम से होगा यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम, मिलेगा पीएम से मिलने का मौका

**कांकेर।** युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय की ओर से हाल ही में बनाए गए माय भारत पोर्टल के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन 25 नवंबर से माय भारत पोर्टल पर आयोजित किया जाएगा।

देशभर से चुने हुए 3 हजार युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होने का मौका मिलेगा। मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के अग्रणी भूमिका की वकालत की। इस विचार को लेकर युवाओं को विकसित भारत की भविष्य योजना पूरा करने की दिशा मेंअपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा। युवाओं के लिए सबसे आकर्षक प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य करने में अपने विचार शामिल करने का अवसर होगा। इससे राजनीति, नागरिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम के अंतर्गत चार चरणों में प्रतियोगिता आयोजित होगी। पहले चरण में 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित होने वाले डिजिटल क्विज में 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु के युवा भाग लेंगे। द्वितीय चरण में पिछले चरण के विजेता लगभग 10 चुने गए विषयों जैसे विकसित भारत के लिए तकनीक, विकसित भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना आदि पर निबंध प्रस्तुत करेंगे। यह निबंध प्रतियोगिता एमवाई भारत प्लेटफार्म पर आयोजित की जाएगी। तीसरे चरण में उत्तीर्ण हुए प्रतिभागी राज्य स्तर पर चुने हुए विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। प्रत्येक राज्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों के चयन के लिए विभिन्न विषयों पर टीमों का गठन करेगा। वहीं प्रतियोगिता का चौथा चरण दिल्ली में भारत के मंडपम में होगा।

## मिशन ग्राउंड में मसीही समाज का विशाल आमसभा आज

**जगदलपुर।** मसीह समाज के ऊपर हो रहे लगातार अत्याचार, उनके सवैधानिक मौलिक अधिकारों के निरंतर हनन,गैर सवैधानिक ढंग से सरकार जिला प्रशासन द्वारा साम्प्रदायिक शक्तियों के प्रभाव में ब्लेस बस्तर महोत्सव के स्थगन आदेश के विरुद्ध एवं शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कब्रिस्तान की गंभीर माँग जैसे विषयों को लेकर 24 नवम्बर को दोपहर 3 बजे मिशन ग्राउंड में बस्तर के मसीह समाज विश्वासियों की विशाल आम सभा आयोजित किया जा रहा है । उक्त जानकारी देते हुए ब्लेस बस्तर के सलाहकार नवनीत चांद एवं मीडिया प्रभारी शेमियल नाथ, मसीह समाज की तरफ से आह्वान करते हुए कहा है कि इस आम सभा मे समाज बेहतरी के लिए सभी पास्टर्स,मसीही लीडर,विश्वासी कृपया अपनी अनिवार्य उपस्थिति दें।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

## विलंब करने पर ब्याज की दर 7 से 9 प्रतिशत होगी

# बीमा कंपनी मयब्याज फरियादी को 9 लाख रूपए का करे भुगतान : आयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- मानसिक क्लेस और आयोग का खर्च अतिरिक्त देना होगा

बीमा कंपनियों के द्वारा वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर क्लेम राशि नहीं देने और लगातार परेशान किए जाने पर वाहन मालिको ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग पर परिवाद प्रस्तुत किया। आयोग ने दोनो बीमा कंपनियों पर वाहन मालिकों को क्लेम राशि देने का फरमान सुनाया है। वाहन मालिकों ने राहत की सांस लिया है। प्रथम प्रकरण में नाथियानवागांव निवासी विकास कुमार विश्वकर्मा द्वारा फोर्स तूफान वाहन क्रय किया गया था और बीमा ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी धमतरी द्वारा करवाया था। बालोद के ग्राम तरोंद के पास 11 अक्टूबर को उक्त वाहन चलती हालत में आग लगने से पूरी तरह खाक हो गया था, जिसकी लिखित सूचना पुलिस को उसी दिन तथा 2 जनवरी 2024 को लिखित रूप से सबूत सहित बीमा कंपनी को दिया, लेकिन क्लेम पास करने के बजाय बीमा कंपनी आरटीओ से पंजीयन निरस्त करवाने को कहने लगी, जो कि असंभव था, क्योंकि वाहन धमतरी से 5 साल के लिए फाइनेंस पर था। इस पर बीमा कंपनी ने क्लेम की रकम देने से इंकार कर दिया। पीड़ित ने जिला उपभोक्ता आयोग में मामला प्रस्तुत किया, जिसमें फोरम के अध्यक्ष व सदस्य ने मामले की सुनवाई करते हुए बीमा कंपनी को आदेश दिया कि फरियादी को 8 लाख 92 हजार 273 रूपएं क्षतिपूर्ति राशि दिया जाए और परिवाद प्रस्तुति की तारीख से 7 प्रतिशत ब्याज भी दें। एक माह तक रकम प्रदान करने में असफल रहने पर ब्याज की राशि 9 प्रतिशत हो जाएगी। मानसिक पीड़ा व परेशानी की क्षतिपूर्ति 10,000 तथा मुकदमे का हरजा खर्चा 3,000 रूपएं भी देना आदेशित किया। द्वितीय प्रकरण में भानुप्रतापपुर निवासी सरिता पाढ़ी ने ट्रक का बीमा एचडीएफसी इंश्योरेंस कंपनी से गुड्स केरिंग कंप्रिहेंसिव पॉलिसी के अंतर्गत कराया था। उपर्युक्त ट्रक 29 अप्रैल 2021 को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके मरम्मत के लिए 6 लाख 12,550 का क्लेम बीमा कंपनी के समक्ष मय सबूत पेश किया, लेकिन कंपनी ने क्लेम पास करने से इंकार कर दिया। फरियादी ने उपभोक्ता आयोग की शरण लिया, जिस पर सूक्ष्म रूप से विचार कर अपने महत्वपूर्ण फैसले में उपभोक्ता आयोग ने आदेश दिया कि फरियादी 2 लाख 37 हजार 750 रूपएं की बीमा राशि पाने की हकदार है। वाद प्रस्तुति तारीख 20 अप्रैल 2022 से संपूर्ण रकम अदा होने तक 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा, जो एक माह की अवधि के पश्चात नौ प्रतिशत हो जाएगा। मानसिक पीड़ा, परेशानी की क्षतिपूर्ति राशि 20,000 भी एक माह के भीतर प्रदान करना होगा तथा मुकदमे का हर्जा खर्चा 5000 भी देना होगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411